अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MMS-001

व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम बी ए)

प्रथम सत्र सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर 2016 प्रश्न-पत्र 01

प्रबंध के सिद्धांत एवं संगठात्मक व्यवहार

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

निर्देश : 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।

2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : प्रबंध को परिभाषित कीजिए। "प्रबंध एक सार्वभौमिक प्रक्रिया है" विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 02 : हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित प्रबंध के सिद्धांत का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 03 : एक अच्छे प्रबंधक में मुख्य रूप से क्या गुण अपेक्षित हैं ? विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 04 : केंद्रीयकरण एवं विकेंद्रीयकरण की अवधारणा को समझाते हुए इसके लाभ एवं दोष की समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 05 : "व्यक्ति संगठन के क्रियाकलापों का सबसे महत्वपूर्ण साधन है"। समझाइए।

प्रश्न 06 : "कुशल अभिप्रेरण के साधनों से उत्पादकता में वृद्धि होती है", समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 07 : उपक्रम के निश्चित लक्ष्यों को प्राप्त करने में नियंत्रण एवं नियोजन के महत्वपर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 08 : परिवर्तन की व्याख्या कीजिए। आधुनिक युग में व्यावसायिक दृष्टि से परिवर्तन के महत्व को समझाइए।

प्रश्न 09 : संगठन में संघर्ष के विभिन्न आयामों को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) कार्य दबाव का कार्यक्षमता पर प्रभाव

(ख) प्रबंध अंकेक्षण की विशेषताएँ एवं सीमाएँ

(ग) प्रत्यायोजन का प्रभावशाली नियंत्रण से संबंध

(घ) वर्तमान आर्थिक वातावरण एवं प्रबंधकीय चुनौतियाँ

♦♦♦

ज्ञान शांति मैत्री 2016
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
दूर शिक्षा निदेशालय

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MMS-002

व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम बी ए)

प्रथम सत्र सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर 2016 प्रश्न-पत्र 02

व्यावसायिक संप्रेषण

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

निर्देश : 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।

2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : संप्रेषण की व्याख्या करते हुए, एक व्यवसाय की सफलता में संप्रेषण की भूमिका को समझाइए।

प्रश्न 02 : औपचारिक एवं अनौपचारिक संप्रेषण को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 03 : प्रस्तुतीकरण का अर्थ समझाइए। मौखिक प्रस्तुतीकरण में भाषा के महत्व पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 04 : साक्षात्कार की आवश्यकता को समझाते हुए, इसके मुख्य चरणों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 05 : सौदेबाजी का व्यापार में क्या महत्व है ? इसकी प्रक्रिया को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 06 : प्रतिवेदन लेखन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए प्रभावी प्रतिवेदन के तत्वों को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 07 : विज्ञापन को परिभाषित करते हुए, इसकी विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 08 : व्यावसायिक संप्रेषण के वैधानिक पक्ष पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 09 : "ई-मेल संदेश को संप्रेषित करने का एक अत्याधुनिक व सस्ता माध्यम है"। विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) प्रेस विज्ञप्ति

(ख) आरोही अथवा उर्ध्वगामी संचार

(ग) आत्मसार

(घ) प्रतिपुष्टि

♦♦♦

ज्ञान शांति मैत्री 2016
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
दूर शिक्षा निदेशालय

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MMS-003

व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम बी ए)

प्रथम सत्र सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर 2016 प्रश्न-पत्र 03

प्रबंधकीय अर्थशास्त्र

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

निर्देश : 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।

2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : प्रबंधकीय अर्थशास्त्र से प्रबंधकों को सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त होता है। विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 02 : माँग विश्लेषण का व्यावसायिक निर्णय पर प्रभाव समझाइए।

प्रश्न 03 : "सम-विच्छेदन विश्लेषण" यह शून्य लाभ बिंदु है। विस्तार से समझाइए

प्रश्न 04 : अर्थशास्त्रीय दृष्टि से बाजार की व्याख्या कीजिए। बाजार वर्गीकरण के विभिन्न आधारों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 05 : एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता को परिभाषित कीजिए ? इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए ?

प्रश्न 06 : लागत धन मूल्य निर्धारण को सचित्र समझाइए एवं इसके गुण-दोष का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 07 : रोजगार का अभाव एवं आर्थिक व्यवस्था के मध्य संबंध को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 08 : व्यापार चक्र पूँजीवादी प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। विस्तार से स्पष्ट करें।

प्रश्न 09 : राष्ट्रीय आय को मापने की विधियों का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) मुद्रा प्रसार के प्रभाव

(ख) अल्पाधिकार के अंतर्गत मूल्य निर्धारण

(ग) प्रत्याय का सिद्धांत

(घ) माँग पूर्वानुमान

♦♦♦

ज्ञान शांति मैत्री 2016
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
दूर शिक्षा निदेशालय

व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (एम बी ए)

प्रथम सत्र सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर 2016 प्रश्न-पत्र 4

प्रबंधकीय लेखांकन

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

निर्देश : 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।

2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : वित्तीय विवरणों के विभिन्न प्रकारों को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 02 : तरलता का विश्लेषण क्या हैं ? इसके लिए किन-किन अनुपातों की गणना की जाती है ? विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 03 : कोश प्रवाह विवरण को परिभाषित कीजिए। एक व्यवसायी के लिए इसका क्या महत्व है, समझाइए ?

प्रश्न 04 : निम्नलिखित चिट्ठों से कोष प्रवाह विवरण बनाइए-

दायित्व	2007-08 राशि रु.	2008-09 राशि रु.	संपत्तियाँ	2007-08 राशि रु.	2008-09 राशि रु.
पूँजी	80,000/-	85,000/-	भूमि एवं भवन	50,000/-	50,000/-
लाभ-हानि खाता	14,500/-	24,500/-	संयत्र एवं मशीनरी	24,000/-	34,000/-
बंधक	-	5,000/-	रहतिया	9,000/-	7,000/-
लेनदेन	9,000/-	5,000/-	लेनदार	16,000/-	19,500/-
योग	10500/-	11500/-	बैंक	4,000/-	9,000/-
				1,03,500/-	1,19,500/-

प्रश्न 05 : सीमांत लागत लेखांकन को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 06 : बजट को परिभाषित कीजिए। "बजट एक महत्वपूर्ण नियंत्रण तकनीक है' इस वाक्य का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 07 : 10,000 इकाइयों के उत्पादन पर प्रति इकाई बजट व्यय निम्नलिखित है –

	राशि (रु.)		राशि (रु.)
प्रत्यक्ष सामग्री	60/-	स्थिर उपरिव्यय (1,60,000)	16/-
प्रत्यक्ष श्रम	30/-	विक्रय व्यय (20% फिक्स)	15/-

प्रश्न जारी ...⇒

परिवर्तनशील उपरिव्यय 20/- प्रशासन व्यय (50,000/- फिक्स) 05/-
प्रत्यक्ष परिवर्तनशील 05/- वितरण खर्चे (20% फिक्स) 05/-

6,000, 7,000 तथा 8,000 इकाइयों के उत्पादन पर लोचदार बजट बनाइए। स्थिर तथा परिवर्तनशील लागतों को स्पष्ट रूप से अलग-अलग दर्शाइए।

प्रश्न 08 : प्रमाप लागत की व्याख्या कीजिए। प्रमाप लागत लेखांकन के लाभ एवं इसकी सीमाओं पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 09 : स्थिर उपरिव्यय लागत को विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) विक्रय बजट

(ख) रोकड प्रवाह विवरण

(ग) सकल लाभ अनुपात

(घ) प्रमाप लागत विचरण

♦♦♦

ज्ञान शांति मैत्री 2016
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
दूर शिक्षा निदेशालय